


नवभारत

भोपाल, बुधवार, 18 फरवरी 2026


# विधानसभा सदन को झूठी जानकारी परोसने वाले सीईओ मनीष को मिला तोहफा

**जनपद सीईओ ने भेजी विधानसभा सदन को गलत जानकारी**

**विधायक यादवेन्द्र सिंह ने प्रमुख सचिव को भेजी शिकायत**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।** **विधानसभा सदन में झूठी जानकारी परोसने वाले जनपद पंचायत के सीईओ को एक और तोहफा मिला है। अब ऐसे विवादित जनपद पंचायत सीईओ मनीष सेंडे को मुख्य कार्यपालन अधिकारी टीकमगढ़ ने तोहफा देते हुए जनपद पंचायत टीकमगढ़ के साथ-साथ जनपद पंचायत जतारा का भी अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। इस प्रभार सौंपने के बाद टीकमगढ़ के गलियारों में तमाम तरह के सवाल लोगों के मन में पनप रहे हैं।**

दरअसल पूरा मामला जनपद पंचायत टीकमगढ़ में पदस्थ कुछ कर्मचारियों की सैलरी से जुड़ा है। सीईओ नियम विरुद्ध एवं गलत तरीके से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को सैलरी दी है। इस बात की शिकायत टीकमगढ़ विधानसभा से विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने विधानसभा में की थी, जिसके जबाव में सीईओ जनपद पंचायत मनीष सेंडे ने विधानसभा सदन को भ्रमित किया है। ऐसी शिकायत विधायक





यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने लिखित रूप से प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश विधानसभा भोपाल को भेजी है।

शिकायत में बताया गया है कि संदर्भित प्रश्न के प्रश्नोश (ग) में गलत जानकारी दी गई है, जिसमें श्रीमती उमा यादव पंचायत सचिव की उपस्थिति माह अगस्त में दैनिक उपस्थिति रजिस्टर पर पूरे माह अनुपस्थित एवं सचिव मुकेश खरे की उपस्थित मात्र 7 दिवस है। फिर भी अगस्त माह की पूरी वेतन दी गई है। जबकि प्रश्न में उत्तर दिया गया है कि माह जुलाई व अगस्त में उपस्थिति पंजी में उपस्थिति के आधार पर ही वेतन भुगतान की गई है। जबकि यह जानकारी गलत है। सुलभ संदर्भ हेतु दैनिक उपस्थिति रजिस्टर की छायाप्रति शिकायती पत्र में संलग्न है।

आगे शिकायत में बताया गया है कि प्रश्नांश (घ) में उत्तर दिया गया है कि माह सितम्बर, अक्टूबर में सार्थक ऐप से उपस्थिति दर्ज की गई है एवं उसी के आधार पर ही वेतन भुगतान की गई है। यह उत्तर पर गलत है। उसमें श्रीमती उमा यादव का माह सितम्बर में सार्थक ऐप पर पंजीयन नहीं कराया गया है। सचिव मुकेश खरे सार्थक ऐप की समरी रिपोर्ट में पूरे सितम्बर माह में अनुपस्थित हैं। फिर भी उनकी मात्र 10-10 दिन की वेतन काटी गई है। आगे विधायक यादवेन्द्र सिंह ने शिकायत में कहा है कि सीईओ द्वारा की गई मनमानियों के साक्ष्य निम्प प्रकार हैं, जो ऊपर वर्णित तथ्यों से सिद्ध होते हैं। वेतन कटौत्रा नियमानुसार न कर मनमानी तरीके से की गई है। इस प्रकार सदन में गलत जानकारी प्रस्तुत की गई है। इस पूरे मामले में कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने पूरे मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### जनपद सीईओ मनीष को है राजनैतिक संरक्षण

जनपद पंचायत से जुड़े तमाम लोग नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि जनपद पंचायत के सीईओ मनमानी करने में पीछे नहीं रहते, क्योंकि उनको राजनैतिक संरक्षण है। इतना ही नहीं उन्हें जतारा का प्रभार भी आनन-फानन में राजनैतिक सिफारिश से मिला है। वह भोपाल के नेताओं से अपने अधिकारियों पर दबाव बनवाकर प्रभार पाने में लगे हैं। वहीं विधायक यादवेन्द्र सिंह द्वारा लगाई गई विधानसभा के गलत जबाव को देने के पीछे कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की बू आती है।

### विधायक यादवेन्द्र सिंह के सवाल पर दिए गए थे ये जवाब, अब इन पर भी सवाल खड़े

**सवाल :-** मध्यप्रदेश जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज किए जाने हेतु शासन के क्या निर्देश हैं। निर्देश की प्रति उपलब्ध करावें?

**जबाव :-** मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक 172/315/1(3)/75 भोपाल दिनांक 27 फरवरी 1975 में प्रावधानित किया गया है कि कार्यालय के संचालन के लिये नितान्त आवश्यक है कि कार्यालय में समय की पाबंदी का कड़ाई से पालन कराने के लिये जिम्मवार अधिकारी वर्ग-4 एवं 4 श्रेणी के कर्मचारियों को उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कराने के लिये निर्देशित करें। जानकारी परिशिष्ट "अ" अनुसार। वर्तमान परिपेक्ष्य में इलेक्ट्रानिक्स डिवाईज के माध्यम से कार्यालय में उपस्थिति दिये जाने से नियंत्रण में सुगमता हुई है।

**सवाल :-** क्या सार्थक ऐप से कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज किये जाने हेतु शासन द्वारा अनिवार्य किया गया है यदि नहीं तो टीकमगढ़ जनपद पंचायत में क्यों लागू है अन्य जनपदों में क्यों नहीं ?

**जबाव :-** नहीं, परंतु कार्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक/ज.पं./25/2793 टीकमगढ़ दिनांक 8.9.25 द्वारा नवाचार की दृष्टि से कार्यालयीन कर्मचारियों को सार्थक ऐप के माध्यम से निर्देशित किया गया है। पत्र संलग्न है। अन्य जनपदों द्वारा नवाचार नहीं किया गया है।

**सवाल :-** प्रश्नांश (ख) में वर्णित ऐप से उपस्थिति दर्ज न करने वाले कितने कर्मचारी हैं। क्या उनकी वेतन कटौत्रा की गई है, सूची सहित सीईओ जनपद पंचायत टीकमगढ़ द्वारा जारी समस्त पत्रों की प्रति उपलब्ध करावें ?

**जबाव :-** कार्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ के 3 कर्मचारी ऐप पर उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे थे, कार्यालयीन समय में उपस्थित न होने पर तीन कर्मचारियों की वेतन कटौत्रा की गई है। सूची संलग्न है।

**सवाल :-** क्या जनपद पंचायत टीकमगढ़ सीईओ द्वारा सचिवों के वेतन आहरण में मनमानी की जा रही है यदि नहीं तो संलग्न समस्त सचिवों की माह जुलाई, अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर 25 में अनुपस्थित रहने पर भी वेतन जारी की गई है। जबकि संलग्न सचिव ने एक दिन भी उपस्थिति दर्ज नहीं और उनकी संपूर्ण वेतन का भुगतान सीईओ जनपद पंचायत टीकमगढ़ द्वारा किया गया है, सीईओ के मनमाने आदेशों की जांच कर क्या कार्यवाही की जावेगी ?

**जबाव :-** सीईओ जनपद पंचायत टीकमगढ़ द्वारा वेतन आहरण में कोई मनमानी नहीं जा रही है, जनपद पंचायत टीकमगढ़ में संलग्न सभी सचिवों की कार्यालयीन उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान की गई है, माह जुलाई व अगस्त में उपस्थिति पंजी/कार्यालय में उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान की गई है व माह सितम्बर में संलग्न 3 सचिवों की कार्यालय में उपस्थिति न होने पर वेतन कटौत्रा की गई है। उक्त माहों में संलग्न सचिव कार्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ में पदस्थत थे। प्रपत्र स संलग्न है। चूंकि सीईओ टीकमगढ़ द्वारा कोई मनमानी सिद्ध नहीं होती है। इसीलिए जांच का प्रश्न ही नहीं उठता।

# यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम संपन्न



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।** **मातृधाम छिपरी में महाशिवरात्रि महोत्सव का मंगलवार को यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर संत श्री रविशंकर महाराज ने छिपरी स्थित मां शारदा की पहाड़ी पर देवी अहिल्या बाई और निषादराज की 10 फीट ऊंची प्रतिमाएं स्थापित कराने की घोषणा की।**

सात दिवसीय इस आध्यात्मिक महापर्व के दौरान महामृत्युंजय जाप, वैदिक अनुष्ठान, महामृत्युंजय यज्ञ, पूर्णाहुति, सामाजिक सरोकारों से जुड़े संकल्प और मातृशक्ति सम्मान जैसे आयोजन हुए। संत श्री रविशंकर महाराज ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।अनुष्ठान के समापन पर महिलाओं को साड़ियों का वितरण कर सम्मानित किया गया। महाराज ने बताया कि मातृधाम छिपरी और आसपास के गांवों के लोगों ने इस आयोजन में बेहतर सहयोग किया, जो इसकी वास्तविक शक्ति बना। उन्होंने कहा कि यह उत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समूचे क्षेत्र की सामूहिक आस्था, एकता और समर्पण का जीवंत उदाहरण रहा। हवन पूजन और यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद महाराज रावतपुरा धाम के लिए रवाना हो गए। मातृधाम छिपरी में महाशिवरात्रि महोत्सव का मंगलवार को यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर संत श्री रविशंकर महाराज ने छिपरी स्थित मां शारदा की पहाड़ी पर देवी अहिल्या बाई और निषादराज की 10 फीट ऊंची प्रतिमाएं स्थापित कराने की घोषणा की। बीते कई दिनों से चल रहे इस महोत्सव में अनेक कलाकार शामिल हुए। इन सभी कलाकारों ने कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियां पेश की है।

# केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सदस्य ने किया भ्रमण



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **कृषि विज्ञान केंद्र में जबलपुर के प्रमंडल सदस्य संजीव कुमार खरे एवं रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय विश्वविद्यालय झाँसी के प्रमंडल सदस्य श्रीमती आराध्या श्रीवास्तव द्वारा केंद्र का औपचारिक भ्रमण किया गया।**

इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिकों एवं स्टाफद्वारा उनका स्वागत किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार, वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह, हसनाथ खान एवं जयपाल छिगारहा द्वारा भ्रमण कराया गया। खरे को कृषि विज्ञान केंद्र में वेतन विसंगति से अवगत कराया गया कि कृषि विज्ञान केंद्र में वेतन समय से न मिलने के कारण वैज्ञानिकों को कई आर्थिक, मानसिक, शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र में आये हुए रावे के छात्रों से वार्तालाप किया और उनकी रावे फंड की समस्या को समझा। खरे द्वारा केंद्र की गतिविधियों के बारे में जाना गया साथ ही केंद्र में बनी हुई है।

# संकल्प से समाधान का मिल रहा लाभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **शासन के निर्देशानुसार विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए जिले में 31 मार्च, तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है।**

इसीक्रम में जिले की सभी नगरीय निकायों में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नागरिकों से आवश्यक योजनाओं के लाभ एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्राप्त किये गये। अभियान अंतर्गत आमजन की समस्याओं का निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए 12 जनवरी, से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है।

# हत्या के मामले में पत्नी एवं उसका प्रेमी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **पुलिस ने पुरानी टेहरी में हुई रामकिशोर रजक की हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए उसकी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अवैध संबंधों में बाधा बनने के कारण दोनों ने मिलकर इस हत्या को अंजाम दिया था।**

यह मामला 14 फरवरी की सुबह तब सामने आया जब रामकिशोर रजक का शव उनके घर में खून से लथपथ मिला। शुरुआत में इसे आत्महत्या बताने की कोशिश की गई, लेकिन कोतवाली पुलिस को मौके के



हालात संदिग्ध लगे। पुलिस और साइबर सेल की मदद से जब मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने बताया कि घटना वाली रात पत्नी ने अपने प्रेमी सुनील चढार को घर बुलाया था। इसके बाद दोनों ने मिलकर रामकिशोर के सिर पर पत्थर से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने मृतक की पत्नी सीमा रजक 35 और प्रेमी सुनील चढार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# संबंधित ग्राम पंचायतों में पहुंचे अधिकारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **प्रशासन गांव की ओर योजना अंतर्गत नोडल अधिकारियों द्वारा अलग-अलग ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया। साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।**

जनसुनवाई के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा आबंटित की गई ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया गया। शासकीय विद्यालयों में शालाओं में संचालित स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। एमडीएम, छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण, समग्र-ईकेवाईसी की प्रगति, स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति पर निरीक्षण कर जानकारी ली।

# कुएं में कूदने से बुजुर्ग महिला गंभीर घायल, उपचार जारी

**नवभारत न्यूज मोहनगढ़।** **मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के सिकंदर गांव की एक बुजुर्ग महिला कोशिया पति रमूआ केवट पारिवारिक विवाद के चलते सोमवार की देर रात पास के कुआं में कूद गई जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। जानकारी लगते ही मोहनगढ़ थाना पुलिस में पदस्थ दो आरक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होनें अपनी सूझ-बूझ दिखाते हुए कुएं में कूदकर महिला को बाहर निकाला और तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां खबर लिखे जाने तक महिला का उपचार जारी रहा।**

जानकारी के अनुसार जैसे ही महिला कुएं में कूदी और उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन कुएं के पास पहुंचे जहां से परिजनों ने घटना की जानकारी डायल 112 को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची मोहनगढ़ थाना पुलिस से आरक्षक



हितेश तिवारी एवं पुष्पराज चौहान ने पानी में डूबती हुई बुजुर्ग महिला को देखकर तुरंत निर्णय लिया और कुंआ में उतर गए। बिना सोचे समझे पुलिस आरक्षक हितेश तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए कुएं में उतारकर बुजुर्ग महिला को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और तुरंत डायल 112 की मदद से बुजुर्ग महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस की माने तो बुजुर्ग महिला का टीकमगढ़ जिला अस्पताल में उपचार जारी है। उक्त घटना को लेकर ग्रामीणों से बात की गई तो उन्होंने बताया की बुजुर्ग महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के सिकंदर गांव की एक बुजुर्ग महिला कोशिया पति रमूआ केवट पारिवारिक विवाद के चलते सोमवार की देर रात पास के कुआं में कूद गई जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई।

# अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन उपरांत विधान प्रारंभ

**सुबह 9 बजे से मुनिश्री के प्रवचन हुए शुरू**

**देर रात तक जागना और सुबह देर तक सोना बताया हानिकारक**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।** **धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया की प्रात: 6.0 बजे से अभिषेक शांति धारा और पूजन के पश्चात विधान का प्रारंभ हुआ और ठीक 9.00 से मुनि श्री परम पूज्य 108 समत्व सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन की अधिकांश समस्याओं का समाधान जिन धर्म में निहित है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी, युवा, व्यापारी और गृहस्थ ,सभी अपने-अपने जीवन में अनेक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, किंतु समाधान की दिशा सही नहीं होने के कारण शांति प्राप्त नहीं हो पा रही।**



मुनि श्री ने कहा कि जैसे दैनिक जीवन में भोजन, स्नान और विश्राम आवश्यक हैं, वैसे ही आत्मिक उन्नति के लिए षट् आवश्यक अनिवार्य हैं। इनमें प्रथम और प्रमुख है — देव पूजा।उन्होंने बताया कि प्रात:काल उठकर जिनालय में प्रवेश करना, देव दर्शन और अभिषेक करना जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। प्रवचन में विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुनि श्री ने कहा कि देर रात तक जागना और सुबह देर तक सोना एकाग्रता व बुद्धि के विकास में बाधक है।उन्होंने कहा कि दिन की शुरुआत मोबाइल, समाचार या नकारात्मक सूचनाओं से करने के बजाय जिनेंद्र भगवान के दर्शन से करनी चाहिए।

मंगलवार को मुनि श्री ने समझाया कि जिन मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा के केंद्र हैं। मंदिर की संरचना, मंत्र ध्वनि, दीप-धूप और शुद्ध वातावरण मन और मस्तिष्क को शांत करते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे डिश एंटीना तरंगों को ग्रहण करता है, वैसे ही जिनालय आत्मिक तरंगों का केंद्र है, जहां से व्यक्ति नई शक्ति प्राप्त करता है।

### देव दर्शन से होती मन की स्थिरता

मंगलवार को मुनि श्री ने प्रवचन में गृहस्थ जीवन की समस्याओं , संबंधों में तनाव, व्यापारिक निर्णय, आर्थिक दबाव और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं ,का उल्लेख करते हुए मुनि श्री ने कहा कि नियमित देव दर्शन से मन की स्थिरता और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है के बारे में बताया।

**त्यौहार** — एक माह तक चलेगा इबादत का दौर

# पाक माह रमजान मुबारक की आमद की तैयारियां जोरों पर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **पाक माह रमजान मुबारक की आमद के मद्देनजर शहर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुस्लिम समाज के बरिष्ठ लोगों के अनुसार आगामी 29 शाअबान,यानी 18 फरवरी को रमजान शरीफ का चांद नजर आने की उम्मीद है। चांद दिखाई देते ही रोजों एवं तरावीह जिसमें हाफिज साहिबान पवित्र कुरान शरीफ का मुखाग्र पाठ करते हैं और यही सिलसिला एक महीने के लिए शुरू हो जाएगा। जिसको लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रमजान माह के शुरू होनें के पहले शहर के बाजार गुलजार हो चुके है। लोग अभी से खरीददारी में जुट गए है।**

शहर की मस्जिदों के आसपास और मुस्लिम बस्तियों




में साफ-सफाई, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा के प्यास इंतजाम सुनिश्चित किए जा चुके है। बताया जा रहा है कि रमजान इबादत, सत्र, रहमत और मतफिरत का महीना है, इसलिए आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस्तका विशेष ध्यान रखा जाता है। मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि मस्जिदों के आसपास विशेष स्वच्छता अभिमान चलाया जाए तथा सेहरी और अफ्तार के समय बिजली और पानी की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। रमजान के दौरान अलसुबह सेहरी के साथ रोजे की शुरुआत होती है। दिनभर रोजदार सत्र और इबादत में वक्त गुजारते हैं। शाम को नमाज के वक्त रोजा अफ्तार किया जाता है, जिसमे खजूर, फल, और पारंपरिक व्यंजन शामिल रहते हैं। मस्जिदों में तरावीह की नमाज का भी विशेष एहतमाम होता है। रमजान के आगमन से मुस्लिम बस्तियों में रौनक बढ़ने लगी है। मस्जिदों और घरों में साफ-सफाई, रोशनी और सजावट का काम जारी है। बाजारों में भी खजूर, सेवइयां, फलों और अन्य जरूरी सामान खरीददारी शुरू हो गई है। रमजान का यह मुकद्दस महीना इबादत के साथ-साथ इंसानियत, सत्र, त्याग और आपसी मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है। पाक माह रमजान मुबारक की आमद के मद्देनजर शहर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। चांद दिखाई देते ही रोजों एवं तरावीह जिसमें हाफिज साहिबान पवित्र कुरान शरीफ का मुखाग्र पाठ करते हैं और यही सिलसिला एक महीने के लिए शुरू हो जाएगा। के पहले शहर के बाजार गुलजार हो चुके है।

### रमजान माना जाता इबादत का माह

रमजान इबादत, सत्र, रहमत और मगफिरत का महीना है, इसलिए आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस्तका विशेष ध्यान रखा जाता है। मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि मस्जिदों के आसपास विशेष स्वच्छता अभिमान चलाया जाए तथा सेहरी और अफ्तार के समय बिजली और पानी की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# जैविक खेती सीखने किसान रवाना

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।** **परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत जिला के ब्लॉक जतारा की एईओ श्रीमती योगांसी आर्य ने एक्सपोजर विजिट जैविक खेती सीखने किसानों को रवाना किया।**

इस दौरान दमक समाज सेवी संस्था जतारा वनगाय ग्रुप, दरगायकला ग्रुप, बरेठीखास ग्रुप, विजरावन ग्रुप, एवं पूनौलखास ग्रुप के किसान एक्सपोजर विजिट के लिए दिगौड़ा से रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झाँसी के लिए रवाना हुये। एईओ योगांसी आर्य ने हरि झंडी दिखा कर किसानों को जैविक खेती प्रशिक्षण एवं विजिट करने झाँसी के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर किसानों के साथ एलआरपी दरगायकला मनीष भूषण सिंह रामस्वरूप लोधी, मंगल सिंह ठाकुर रवाना हुये।

# जनसुनवाई में आईं शिकायतें निराकृत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** **शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपने अधिनस्थों के साथ आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित कर शिकायतों का निराकरण कराया।**

उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आज आमजन से प्राप्त 94 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।